उत्तराखण्ड शासन

फोन/फैक्स नं0– 0135–2781201
ईमेलआईडी–info@ukmc.in

# उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग

अल्पसंख्यक कल्याण भवन, शहीद भगत सिंह कालोनी अधोईवाला देहरादून।

**डॉ0 आर0के0जैन, अध्यक्ष उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग देहरादून द्वारा जनपद रूद्रप्रयाग स्थित कलैक्ट्रेट सभागार में "जन–जानकारी अभियान" कार्यक्रम एवं समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त–**

दिनांक 11.05.2022. को जनपद रूद्रप्रयाग में स्थित कलैक्ट्रेट सभागार में जन–जानकारी अभियान कार्यक्रम एवं समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी की उपस्थिति का विवरणः–

38. डॉ0 आर.के.जैन, मा0 अध्यक्ष, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, देहरादून।
39. श्री नरेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, रूद्रप्रयाग।
40. श्री प्रमुद्य, पुलिस अधीक्षक, रूद्रप्रयाग।
41. श्री वाई.एस.चौधरी, मुख्य शिक्षा अधिकारी, रूद्रप्रयाग।
42. श्री नगेन्द्र बर्तवाल, जिला शिक्षा अधिकारी, प्रा0शि0, रूद्रप्रयाग।
43. श्री सुनीता अरोड़ा, जिला समाज कल्याण अधिकारी, रूद्रप्रयाग।
44. श्रीमती हन्सी रावत, जी.एस.टी. कार्यालय।
45. श्रीमती दिपाली शाह, एक्साइज विभाग।
46. श्रीमती शैली प्रजापति, डी.पी.ओ. आई.सी.डी.एस. विभाग।
47. श्री सूरत लाल, जि0व0अधिकारी कार्यालय।
48. श्री एस.एस.बिष्ट, सहा0अधिकारी कार्यालय।
49. श्री पवन कुमार, एस.डी.ओ., यूपीसीएल।
50. श्री मंजू राजपूत, तहसीलदार।
51. श्री लाल शाह, डी.आई.ओ. कार्यालय।
52. श्री मनविन्दर कौर, डी.डी.ओ. रूद्रप्रयाग।
53. श्री कपिल पाण्डे, सेवायोजन कार्यालय।
54. श्री हितेश पाल सिंह, गामीण निर्माण विभाग।
55. श्री रेवत सिंह रावत, सहा.अभि., जल संस्थान।
56. श्री विनोद प्रसाद सेमवाल, सहा.अभि., जल निगम।
57. श्री मनोज कुमार भट्ट, अधि.अभि., लो0नि.विभाग।
58. श्री निर्मय सिंह, अधि.अभि., पी.डब्लू.डी., रूद्रप्रयाग।
59. श्री योगेन्द्र सिंह, उद्यान विभाग।
60. श्री दीपक पुरोहित, कृषि विभाग।
61. श्री भण्डारी, डी.ओ.पी.आई.डी.।
62. श्री एस.डुगाठियाल, एल.डी.एम., रूद्रप्रयाग।
63. श्री सजंय सिंह रावत, सिंचाई विभाग, रूद्रप्रयाग।
64. श्री राजेश नौटियाल, अधि.अभि., सिंचाई विभाग, केदारनाथ।
65. श्री डंगू, ई.ओ.नगरपालिका।
66. श्री विरेन्द्र पंवार, ई.ओ., अगस्त्यमुनि।
67. श्री जे.एस.रावत, सचिव, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, देहरादून।

सर्वप्रथम मा0 अध्यक्ष महोदय की आज्ञानुसार समीक्षा बैठक का सुभारम्भ करते हुए बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगणों का परिचय प्रारम्भ किया गया। तत्पश्चात् मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों व अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए समीक्षा बैठक में उपस्थित समस्त विभागों को अपने–अपने विभाग से संबंधित योजनाओं तथा उनके द्वारा अल्पसंख्यकों हेतु चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में उपस्थित, प्रशासन विभाग, विकास विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, जिला बाल परियोजना विभाग, जिला उद्योग विभाग, पशुपालन विभाग, नगरपालिका, सेवायोजन विभाग, पंचायत राज विभाग, पेयजल संस्थान, समाज कल्याण, कृषि विभाग, श्रमविभाग, खादी ग्रामोद्योग विभाग, उद्यान विभाग, निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, जल निगम/संस्थान, विद्युत विभाग, जिला पूर्ति विभाग आदि विभागों की समीक्षा विस्तारपूर्वक की गयी।

बैठक में उपस्थित अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों द्वारा मा0 अध्यक्ष, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग,

क्रमशः पृष्ठ 2 पर..................

...रादून के जनपद में आगमन पर अत्यन्त आभार व्यक्त करते हुए अवगत कराया गया कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों हेतु अनेक योजनायें चलाई जा रही है, किन्तु उनका जनपद स्तर से प्रचार–प्रसार न होने के कारण अल्पसंख्यक समुदाय को लाभ नहीं मिल पा रहा है तथा जनपद स्तर पर स्थापित विभागों द्वारा भी अल्पसंख्यक समुदाय को योजनाओं की सही जानकारी नहीं दी जाती है, जिससे अल्पसख्यक समुदाय वंचित है। इस सम्बन्ध में बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि अपने–अपने विभागों/कार्यालयों से संबंधित योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार करते हुए अल्पसंख्यक समुदाय के प्रत्येक व्यक्ति को लाभ पहुंचाये तथा अल्पसंख्यक समुदाय की समस्या का तत्काल सरलीकरण के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे।

**(कार्यवाही जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग)**

तत्पश्चात् मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक/कार्यक्रम में उपस्थित महानुभावों/अधिकारियों व कर्मचारियों को अल्पसंख्यकों के हितों एवं भारतीय संविधान के अनुच्छेद–29, 30 में उल्लिखित अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों की जानकारी दी गयी तथा उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम–2002 में निहित प्राविधानों/कृत्यों से जनमानस को अवगत कराया गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों को अल्पसंख्यकों हेतु भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। अल्पसंख्यकों हेतु संचालित भारत सरकार एवं राज्य सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं, स्वरोजगार योजना ऋण योजना, मुख्यमंत्री हुनर योजना, मेधावी योजना, मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना, कब्रिस्तान की चाहरदीवारी योजना, अल्पसंख्यक विकास निधि योजना, अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में विकास के निर्माण संबंधी योजना, मदरसा आधुनिकीकरण योजना आदि अन्य योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि यदि किसी अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्ति विशेष को उक्त योजनाओं का लाभ प्राप्त करना है, तो वह अपने जनपद के जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर आवेदन करते हुए प्रस्ताव/आवेदन पत्र निदेशालय अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, देहरादून को उपलब्ध करायें। साथ ही जिला समाज कल्याण अधिकारी, रूद्रप्रयाग को निर्देशित किया गया कि वह अल्पसंख्यकों हेतु चलायी जा रही योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु जनपद के प्रत्येक विकासखण्ड में कैम्प के माध्यम से जागरूक करना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही जिला समाज कल्याण अधिकारी, रूद्रप्रयाग)**

मा0 अध्यक्ष जी, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, देहरादून द्वारा प्रशसन एवं विशेषकर पुलिस विभाग द्वारा अल्पसंख्यकों के कार्यों में सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जो प्रशंसनीय है। इस क्रम में श्री नरेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, रूद्रप्रयाग द्वारा मा0 अध्यक्ष महोदय एवं बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियो/कर्मचारियों व अल्पसख्यक समुदाय के प्रतिनिधियों का सधन्यवाद करते हुए बैठक में उपस्थित जनमानस को दी गयी जानकारी के अनुसार आवेदन कर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त किये जाने की अपेक्षा करते हुए बैठक समाप्त की गयी।

**(जे.एस.रावत)**
सचिव,
उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग,
देहरादून।

## कार्यालय–उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग देहरादून

**पत्रांक** 186 **/उ0अ0स0/जनपद रूद्रप्रयाग/समीक्षा बैठक–कार्यवृत्त/2022–23 दिनांक** 18 **मई, 2022**

**प्रतिलिपिः–** **निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग।
2. पुलिस अधीक्षक, रूद्रप्रयाग।
3. मुख्य विकास अधिकारी, रूद्रप्रयाग।
4. जिला समाज कल्याण अधिकारी, रूद्रप्रयाग।
5. संबंधित पत्रावली।
6. गार्ड पत्रावली।

सचिव,
उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग,
देहरादून।